हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, बुधवार 5 मार्च 2025

तापमान
अधिकतम 25.5 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

11 गन प्वाइंट पर युवक का अपहरण, दोस्तों से पैसे डलवाए, अंगूठी व चेन गिरवी रखवाए



12 जिले के 87 गांवों की टीबी पर विजय, अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी-डे पर मिलेगा इनाम



!! महायोगी गुरुगोरक्षनाथाय नमः !!
!! श्री बाबा मस्तनाथो विजयतेतराम !!

गोरक्ष स्वरूप सिद्ध शिरोमणि
बाबा मस्तनाथ जी महाराज

ॐ श्री बाबा मस्तनाथ मठ 卐
अस्थल बोहर, रोहतक, हरियाणा

BABA MASTNATH UNIVERSITY ROHTAK
विधेयम् जन सेवनम्

सादर आमंत्रण

तपस्वी रणपतनाथ योगी जी
तपस्वी मानधातानाथ योगी जी

18वीं सदी से चली आ रही परम्परानुसार
सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी
की पुण्य स्मृति में लगने वाला

सालाना मेला व भण्डारा

दिनांक : 6, 7 व 8 मार्च, 2025

तदनुसार फाल्गुन मास, शुक्ल पक्ष : सप्तमी, अष्टमी, नवमी को मनाया जा रहा है।

इस बहुआयामी आध्यत्मिक मेले में आप सभी सादर आमंत्रित हैं। अतः सभी महानुभाव, साधु-संत, योगी-संन्यासी, माता बहनें, बच्चे-बुजुर्ग एवं श्रद्धालु, परिजन-पूरजन-स्वजन के साथ पहुँचकर मेले का आनन्द उठाएँ तथा बाबा जी की दिव्य कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करें।

श्रीयुत् श्रेयोनाथ जी महाराज
श्रीयुत् चाँदनाथ जी महाराज

मेले के दौरान निम्नलिखित कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

विशाल भजन संध्या | इनामी कुश्ती दंगल

दिनांक : 6 मार्च, 2025
दिनांक : 8 मार्च, 2025

कुश्ती दंगल के इनाम

पहला इनाम ₹ 1,51,000/-
दूसरा इनाम ₹ 1,00,000/-
तीसरा इनाम ₹ 51,000/-
चौथा इनाम ₹ 31,000/-

इसके अलावा और भी अन्य इनाम दिये जाएंगे।





शुभचिंतक - महंत बालकनाथ योगी
गद्दीनशीन महंत श्री बाबा मस्तनाथ मठ, अस्थल बोहर, रोहतक-124021 (हरियाणा) | कुलाधिपति-बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय | विधायक-तिजारा एवं पूर्व सांसद, अलवर व प्रदेश उपाध्यक्ष, भाजपा (राजस्थान)

MahantBalaknathyogiIndia @MahantBalaknath Mahant Balaknath Yogi https://bmu.ac.in

BMU
BABA MASTNATH UNIVERSITY
Asthal Bohar, Rohtak, Haryana, 124021, INDIA
www.bmu.ac.in
Email: registrarbmu@gmail.com

SBMN RESI. SAINIK SCHOOL
Asthal Bohar, Rohtak-124021
Ph : 9053066641/42
www.sbmnssrps.com

SBMN SCHOOL
Civil Road, Rohtak-124001
Ph : +91-1262-256267
www.smpsrohtak.com

## खबर संक्षेप

### दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति काबू

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। खोल निवासी सुभाष चंद की पत्नी कोमल की संदिग्ध हालात में फांसी लगाने से मौत हो गई थी। उसके मायके पक्ष के लोगों ने ससुराल पक्ष के लोगों पर दहेज के लिए प्रताड़ति करने के आरोप लगाए थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने मामले के एक आरोपी सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। बाद में आरोपी को कोर्ट में पेश कर दिया गया।

### नलकूप से दूसरी बार बिजली केबल चोरी

**धारूहेड़ा।** कापड़ीवास में चोर एक किसान के नलकूप से कॉपर की वायर चोरी कर ले गए। करीब चार माह में इस नलकूप पर दूसरी बार चोरी की वारदात हुई है। पुलिस शिकायत में कापड़ीवास निवासी वेदप्रकाश ने बताया कि उसका ढाणी मित्रसेन रोड पर ट्यूबवेल है। चोर उसके ट्यूबवेल से बिजली की कॉपर वायर चोरी कर ले गए। इससे पूर्व नवंबर माह में भी नलकूप से केबल चोरी हो गई थी। उसका भी कोई पता नहीं चल सका है। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

## पुलिस ने पिस्टल व सोलह कारतूस के साथ काबू किए तीन आरोपी

# गन प्वाइंट पर युवक का अपहरण, दोस्तों से पैसे डलवाए, अंगूठी व चेन गिरवी रखवाए

- अपहृत को साथ लेकर भी लूट का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

गत 23 फरवरी को गाड़ी लेकर अलवर शादी समारोह में भाग लेने के लिए निकले कुतुबपुर के युवक को रेलवे स्टेशन के पास से ही सशस्त्र बदमाशों ने अगवा कर लिया था। उसके दोस्तों से फोन-पे पर पैसे डलवाने के बाद बदमाशों ने युवक की चेन व अंगूठी तक गिरवी रखवा दी।

उसके पैसों पर ऐश करते हुए बदमाशों ने जयपुर में भी फायरिंग करते हुए लूट का प्रयास किया। युवक को बाद में सकुशल गाड़ी सहित बदमाश रेलवे स्टेशन के पास ही छोड़कर फरार हो गए। सीआईए ने मामले में तुरंत कार्रवाई करते हुए तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से तीन पिस्तौल, 16 जिंदा कारतूस, 4 मैगजीन व 4 खोल बरामद किए गए हैं।



रेवाड़ी। सीआईए की गिरफ्त में आरोपी व बरामद असला। फोटो : हरिभूमि

पुलिस ने आरोपियों को अदालत में पेश कर पांच दिन के रिमांड पर लिया है। रेल विभाग में कार्यरत कुतुबपुर निवासी गौरव 23 फरवरी को अलवर एक शादी में अपने दोस्तों के साथ टाटा पंच कार में अलवर शादी समारोह में भाग लेने के लिए गया था। इसके बाद जब वह घर नहीं लौटा तो उसकी पत्नी पूजा ने 25 फरवरी को रामपुरा पुलिस थाने में पति के लापता होने का केस दर्ज कराया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद युवक की तलाश शुरू की थी। गत 28 फरवरी को गौरव सकुशल लौट आया। उसने थाना रामपुरा पुलिस को बयान दर्ज कराए, तो पुलिस हरकत में आ गई। उसने बताया कि अलवर से वापस आने के बाद वह रेलवे स्टेशन पर अपने दोस्तों को छोड़कर घर लौट रहा था। रेलवे स्टेशन से कुछ दूर चलने पर उसने लघुशंका के लिए गाड़ी रोक दी। इसी दौरान 4 सशस्त्र युवकों ने उसे हथियार दिखाकर गाड़ी में बैठा लिया। उसी की गाड़ी में बंधक बनाकर उससे पैसों की मांग की गई। जब उसने बताया कि उसके पास पैसे नहीं हैं, तो उससे दोस्तों से पैसे मंगवाने के लिए कहा गया। उसके दो दोस्तों ने 10 और 5 हजार रुपये उसके पास ट्रांसफर कर दिए।

### पटौदी ले जाकर गिरवी रखवाए जेवर

गौरव के अनुसार बदमाशों ने उससे सोने की चेन, अंगूठी व एटीएम कार्ड छीन लिए। बाद में उसे पटौदी ले जाकर चेन व अंगूठी 70 हजार रुपये में गिरवी रखवा दिए। पैसे लेकर यह लोग उसे राजस्थान के अलवर और जयपुर की ओर ले गए। अलवर के पूरव गांव के पास इन लोगों ने एक लूट के इरादे से एक कार चालक पर गोली चलाई, जबकि जयपुर के आगरा रोड पर भी स्विफ्ट कार चालक पर फायर किया। आरोपी उसे 28 फरवरी की रात रेलवे स्टेशन के पास ही उसे गाड़ी सहित छोड़कर फरार हो गए।

### सीआईए ने हथियारों के साथ पकड़े

रामपुरा पुलिस थाने में गौरव के बयान दर्ज होने के बाद सीआईए की टीमें हरकत में आ गई। सीआईए ने इस मामले में तावडू बैंक कॉलोनी निवासी शेखर, सोनीपत के खरखौदा निवासी अर्जी उर्फ हरजीत व महेंद्रगढ़ के माता मसानी चौक निवासी अंकित को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से तीन पिस्तौल व 16 कारतूस बरामद किए गए हैं। तीनों को कोर्ट से रिमांड पर लेकर पूछताछ की जा रही है। उनके एक अन्य साथी की भी तलाश की जा रही है। दूसरी ओर गौरव के सुरक्षित घर लौटने पर परिजनों ने राहत की सांस ली है।




रेवाड़ी। कार्यक्रम में मंचासीन बिजली निगम के अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

## बेहतर कार्य करने वाले कर्मचारी हुए सम्मानित

- ऑपरेशन सर्कल में मनाया लाइनमैन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

ऑपरेशन सर्कल में मंगलवार को लाइनमैन दिवस मनाया गया। विद्युत मंत्रालय के निर्देशानुसार आयोजित कार्यक्रम में बिजली निगम के एसई, एक्सईएन टीएस एचवीपीएन, ऑपरेशंस एक्सईएन व एसडीओ सहित करीब 250 तकनीकी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। इस मौके पर एसई पीके चौहान ने कहा कि ये दिन उन लाइनमैन कर्मियों के सम्मान में मनाया गया जो हर मौसम व हर मुश्किल में बिजली की सप्लाई बनाए रखने के लिए दिन-रात मेहनत करते हैं। जब सब लोग घरों में आराम कर रहे होते हैं, तब ये खुले आसमान के नीचे, खंभों और तारों के बीच खड़े होकर हमें सुचारू बिजली आपूर्ति देने का काम करते हैं। कार्यक्रम में सभी बिजली कर्मियों को सुरक्षा की शपथ भी दिलाई गई, ताकि लाइनमैन हमेशा अपनी जान की हिफाजत करते हुए काम करें। ये दिन सिर्फ सम्मान देने के लिए नहीं, बल्कि ये याद दिलाने के लिए भी था कि लाइनमैन सिर्फ एक कर्मचारी नहीं, बल्कि वो लोग हैं जिनके बिना हमारा जीवन अंधेरे में डूब सकता है। हम सबको मिलकर उनकी सुरक्षा और सम्मान को प्राथमिकता देनी चाहिए। कार्यक्रम में बेहतर काम करने वाले कई तकनीकी कर्मचारियों को प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर रेवाड़ी एक्सईएन कुलदीप नेहरा, धारूहेड़ा एक्सईएन धर्मेन्द्र रूहिल, एक्स इएन संजय यादव व कोसली एक्सईएन विजयपाल सहित सभी एसडीएओ व जेई मौजूद थे।

## छात्राओं ने सात दिवसीय एनएसएस कैंप में करवाई स्वास्थ्य जांच

- शिविर में स्वयंसेविकाओं ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

सेक्टर-18 स्थित प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले राजकीय कन्या महाविद्यालय की दो एनएसएस इकाईयों के सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के दूसरे दिन का शुभारंभ एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी रेनू यादव व मोनिका के नेतृत्व में राजकीय माध्यमिक विद्यालय ढालियावास में किया गया। प्राचार्या डा. ज्योति यादव के मार्गदर्शन में एनएसएस लक्ष्य गीत से आरंभ हुए शिविर में स्वयंसेविकाओं ने अनेक गतिविधियों में भाग लिया। प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं ने विद्यालय परिसर व आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई की। द्वितीय सत्र में जेएसडब्ल्यू फाउंडेशन तथा हेल्प एज इंडिया ऑर्गेनाइजेशन की ओर से फ्री हेल्थ चेकअप कैंप आयोजित किया गया। डॉ. अतर सिंह दहिया ने टीम के साथ स्वयंसेविकाओं के स्वास्थ्य की जांच कर उचित परामर्श दिया। शिविर में छात्राओं की रक्त व ब्लड प्रेशर की भी जांच करके निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। संध्याकालीन सत्र में स्वयंसेविकाओं ने खेलकूद गतिविधियों में भाग लिया।



रेवाड़ी। एनएसएस शिविर में मौजूद प्रोफेसर व छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### माता मसानी का वार्षिक उत्सव 19 को

**नाहड़।** गांव नाहड़ के माता मसानी धाम पर 19 मार्च को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया जाएगा। उत्सव की तैयारियों को लेकर मंगलवार को कमेटी सदस्यों की बैठक आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता माता मसानी कमेटी के प्रधान प्रदीप शेखावत ने की। कमेटी प्रधान प्रदीप शेखावत ने बताया कि इस बार लोगों के आग्रह पर जागरण की जगह धार्मिक सॉन्ग कराने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर भंडारा तथा मेले का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में जवान सिंह मेहरा, रामनरेश, अतर सिंह, सज्जन सोनी, तुलाराम, दिलीप सिंह, बिक्रम सिंह, बिजेंद्र कौशिक, धीर सिंह, सतीश शेखावत, छाजू सिंह, छित्रपाल, राजेंद्र सिंह, गिरवर सिंह, सिंघराम, ओमप्रकाश व प्रताप सिंह उपस्थित थे।

## भगवान परशुराम शिक्षा समिति ने गुर्जर समाज के फैसलों का किया स्वागत

- सामाजिक सुधार के लिए गए निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ रेवाड़ी

मंगलवार को मॉडल टाउन में भगवान परशुराम शिक्षा समिति की बैठक प्रधान सत्यप्रकाश गौतम की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में स्व. डॉ प्रदीप शर्मा संस्थापक सदस्य एवं पूर्व प्रधान भगवान परशुराम शिक्षा समिति की माता लीलावती देवी को शोक व्यक्त किया गया। बैठक में भगवान परशुराम शिक्षा समिति के सदस्यों ने गुर्जर समाज की ओर से समाज सुधार के लिए गए फैसलों की प्रशंसा की है। समिति के सदस्यों ने कहा कि सामाजिक सुधार के लिए गए निर्णय आने वाली पीढ़ियों के लिए मील का पत्थर साबित होंगे। समिति परिसर के प्रधान सत्य प्रकाश गौतम ने कहा कि इस प्रकार की समाज में बढ़ रही बुराइयों को दूर करने के लिए सभी सामाजिक संस्थाओं को एक साथ सार्वजनिक मंच पर आकर आकर गुर्जर समाज का समर्थन करना चाहिए। संस्था के ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ समझ पैदा करना, पर्यावरण, नारी स्वावलंबन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, जल संरक्षण, नशा मुक्ति, जन कल्याण व राष्ट्रवादी विचारधारा पर भी काम करना चाहिए। इस मौके पर संस्था के महासचिव अजय शर्मा एडवोकेट, पूर्व प्रधान बलबीर शर्मा, संस्था की कंस्ट्रक्शन कमेटी के अध्यक्ष निरंजन शर्मा, रवि शर्मा एडवोकेट, प्राचार्य डा. लक्ष्मी नारायण शर्मा, विजय शर्मा एडवोकेट, कृष्ण मोहन कौशिक, रामकिशन मुदगिल एडवोकेट, पूर्व महासचिव सतरूप शमा, पुरुषोत्तम शर्मा पावटी, पूर्व कोषाध्यक्ष शिवकुमार हरित व नगर पार्षद गिरीश भारद्वाज उपस्थित थे। सेवा भारती के कार्यकारी जिला अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण शर्मा ने बताया पिछले कई सालों से भगवान परशुराम शिक्षा समिति युवाओं को नशे से दूर रखने, यात्राओं के माध्यम से क्षेत्रीय पर्यटन व राष्ट्रभक्ति की भावना जागृत करने के लिए प्रयास कर रही है।



रेवाड़ी। बैठक में उपस्थित भगवान परशुराम शिक्षा समिति के सदस्य।

## श्री श्याम सेवा समिति ने श्रद्धालुओं के लिए लगाया 5 दिवसीय भंडारा

- खाटू धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थों का आवागमन शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोहारू

फाल्गुन माह की शुरुआत होने के साथ ही विभिन्न जिलों से लोहारू के रास्ते राजस्थान के खाटू धाम जाने वाले श्रद्धालुओं के जत्थों का आवागमन शुरू हो जाता है। पैदल श्रद्धालुओं की सुविधा को लेकर शहर के श्री हनुमान उजाडिय़ा मंदिर परिसर में श्रीश्याम सेवा समिति के तत्वावधान में पांच दिवसीय भंडारे का आयोजन किया तथा भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। श्रीश्याम सेवा समिति के संरक्षक राधेश्याम स्वामी, संस्थापक सुरेश डिडवानिया और प्रधान लीलाधर डालमिया ने बताया कि श्रीश्याम सेवा समिति द्वारा लोहारू में प्रतिवर्ष लोहारू के रास्ते खाटू धाम जाने वाले पैदल श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का आयोजन किया जाता है। उन्होंने बताया कि इस बार भी समिति के तत्वावधान और शहरवासियों के सहयोग से श्री उजाडिय़ा हनुमान मंदिर में भंडारा लगाया है तथा इस भंडारे में भिवानी, दादरी और आसपास के जिलों के विभिन्न कस्बों और गांवों से खाटू धाम जाने वाले अनेक जत्थों ने उजाडिय़ा मंदिर में ठहराव किया और प्रसाद किया गया। इस भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कहा कि प्रकार के धार्मिक आयोजनों से लोगों में भगवान के प्रति श्रद्धा का भाव पैदा होता है। तथा व्यक्ति को आत्मिक सुख की अनुभूति होती है। भंडारे के दौरान मंदिर परिसर में भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालु श्री श्याम के भजनों पर जमकर थिरके। इस दौरान आकाश स्वामी, अमित डालमिया, सुभाष स्वामी, पूनम, रेखा रानी, रिंकू कुमार सहित अनेक सामाजिक लोगों ने भंडारे में सेवाएं दी।



लोहारू। उजाडिय़ा हनुमान मंदिर में भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

## संगीतमय कथा से श्रोता हुए भाव विभोर

- श्री अलख आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में श्री कृष्ण द्वारा कंस वध, जरासंध युद्ध और श्री कृष्ण का रूकमणी के साथ विवाह का वर्णन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहल

श्री अलख आश्रम में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण द्वारा कंस वध, जरासंध युद्ध और श्री कृष्ण का रूकमणी के साथ विवाह का वर्णन किया गया। कथावाचक गोशिका गिरी द्वारा संगीतमय कथा के वाचन से श्रोतागण भाव विभोर हो गए। वहीं, भगवान श्री कृष्ण का रूकमणी के साथ हुए विवाह में श्रोता के रूप में बैठे भक्तजन बाराती बनकर भक्तिभाव में खूब झूमे। मंगलवार को आश्रम के पंडाल में बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रही। गोशिका गिरि ने श्रोताओं को बताया कि भगवान श्री कृष्ण जब बड़े हुए तो उन्होंने जेल में बंद अपने पिता वासुदेव व माता देवकी को छुड़ाने के लिए कंस का वध कर देते हैं। कंस वध से नाराज हुए कंस के ससुर मगध के राजा जरासंध ने श्री कृष्ण से कंस के वध का बदला लेने के लिए मथुरा पर 17 बार आक्रमण किया। हर बार श्री कृष्ण और बलराम ने उनको पराजित किया और छोड़ दिया। बलराम के यह पूछने पर कि हम जरासंध को मारते क्यों नहीं है तो श्री कृष्ण ने उत्तर दिया कि वो हर बार युद्ध के लिए अपने जैसे अधर्मी राजा को लेकर सामने आते हैं। इससे हमें अधर्मी राजाओं को मारने के लिए कहीं और जाने की जरूरत नहीं पड़ रही है।



बहल। श्रीमद्भागवत कथा में प्रवचन देती कथावाचक गोशिका गिरी। *फोटो: हरिभूमि*

### भगवान की अन्य लीलाओं का वर्णन किया

साध्वी गोशिका गिरी ने बताया कि अठाहरवीं बार श्री कृष्ण ने मथुरावासियों को द्वारका में ले जाकर बसा दिया। कथा में भगवान श्री कृष्ण का गुरुकुल में जाना, कालिया नाग का वध, जरासंध युद्ध सहित भगवान की अन्य लीलाओं का वर्णन किया गया। गोशिका गिरि ने श्री कृष्ण विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान श्री कृष्ण से रूकमणी का भाई शत्रुता रखता था। वह अपनी बहन का विवाह राजा दमघोष के पुत्र शिशुपाल से करना चाहता था।

### मकान से नकदी व जेवरात चोरी आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** सनसिटी में एक बंद मकान में घुसकर चोर हजारों रुपये नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पड़ोस की महिला ने मकान से चोर भागते देख मालिक को सूचना दी। सिटी पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। बाद में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस को दर्ज शिकायत में सनसिटी निवासी श्यामदास ने बताया कि उसका गुरूग्राम के सुभाष नगर में भी एक मकान है। चार-पांच दिन पहले सनसिटी वाले मकान को बंद करने के बाद वह गुरूग्राम चला गया था। 3 मार्च को पड़ोस में रहने वाली कांता देवी ने उसे फोन पर बताया कि उसके मकान से एक व्यक्ति कूदकर भागा है। उसकी सूचना के बाद जब वह अपने मकान पर पहुंचा तो अंदर का दरवाजा खुला हुआ था। चोर उसके मकान के कमरे से 500 रुपये की दो मालाएं, एक सोने का मंगलसूत्र व अन्य जेवरात चोरी कर ले गया। पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद पंजाब के दुभियाना निवासी विष्णु को चोरी के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

## स्पोर्ट्स कॉलेज की स्थापना से युवा एथलीटों को मिलेंगी खेल सुविधाएं

- सांसद किरण चौधरी ने खेल महाविद्यालय की स्थापना के लिए मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को पत्र लिखा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने भिवानी में चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से संबद्ध एक खेल महाविद्यालय की स्थापना के केन्द्रीय युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया को एक और पत्र लिखकर आग्रह किया है कि भिवानी में एक खेल महाविद्यालय की स्थापना की जाए। राज्यसभा सांसद किरण चौधरी ने केंद्रीय खेल मंत्री को बताया को बताया कि हरियाणा में विशेष रूप से भिवानी में एक खेल विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा कि यदि इस स्तर पर विश्वविद्यालय संभव नहीं है, तो भिवानी में एक खेल महाविद्यालय की स्थापना की। जाए जो चौ. बंसीलाल विश्वविद्यालय से विधिवत संबद्ध हो।

राज्यसभा सांसद ने बताया कि हरियाणा ने खेलों में लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। कुश्ती, मुक्केबाजी, कबड्डी, हॉकी और एथलेटिक्स में कई राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय चैंपियन तैयार किए हैं और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन किया है। हमारे पास बेहतरीन खेल प्रतिभाएं हैं जिन्हें उचित मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

## वैश्य महाविद्यालय में आर्टिफिशल इंटेलिजेंस पर विस्तार व्याख्यान

# एआई के युग में लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ें छात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

वैश्य महाविद्यालय भिवानी के स्वपोषित विभाग द्वारा आर्टिफिशल इंटेलिजेंस विषय पर विस्तार व्याख्यान का आयोजन किया गया। विस्तार व्याख्यान का शुभारंभ वैश्य महाविद्यालय भिवानी के प्राचार्य डॉ संजय गोयल, मुख्य वक्ता टोरंटो से पधारे टेक्नोलॉजिस्ट एक्सपर्ट अंशुल रुहिल,स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। प्राचार्य डॉ संजय गोयल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए विद्यार्थियों को कहा कि आज प्रतिस्पर्धा,साइंस एंड टेक्नोलॉजी का युग है। आने वाले समय में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और अधिक बढ़ेगी इसलिए विधार्थियों को एकाग्रता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों के लिए आयोजित इस विस्तार व्याख्यान के आयोजन के लिए स्वपोषित विभाग को बधाई दी। विस्तार व्याख्यान के मुख्य वक्ता टोरंटो से पधारे टेक्नोलॉजिस्ट एक्सपर्ट अंशुल रुहिल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि देश आज साइंस एंड टेक्नोलॉजी के क्षेत्र में अभूतपूर्व तरक्की हासिल कर विश्व पटल पर अपना परचम लहराया रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों कोआर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के युग में स्थिरता के साथ लक्ष्य निर्धारण कर आगे बढ़ने की सीख दी।



भिवानी। आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित शिक्षक व विद्यार्थी। *फोटो: हरिभूमि*

### एआई की उपयोगीता व तकनीक के बारे में बताए

उन्होंने विद्यार्थियों को स्थिरता, रिस्क मैनेजमेंट, लगनशीलता, पावर ऑफ कंपाउंडिंग, फैलियर, साकारात्मक सोच, विषय पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए वसुदेव कुटुम्बकम के सूत्र के साथ आगे बढ़ने की सीख दी। स्वपोषित विभाग की डायरेक्टर डॉ प्रोमिला सुहाग ने प्राचार्य डॉ संजय गोयल, मुख्य वक्ता टोरंटो से पधारे टेक्नोलॉजिस्ट एक्सपर्ट अंशुल रुहिल,उनकी टीम के सदस्यों अमित परमार,रिया गलहोत्रा व राकेश रूहील का विस्तार व्याख्यान में पधारने पर धन्यवाद प्रकट करते हुए कहा कि इस तरह की व्याख्यान के आयोजन का विद्यार्थियो को पूरा लाभ मिलेगा। उन्होंने आर्टिफिशल इंटेलिजेंस की उपयोगीता व तकनीक के बारे में बताते हुए कहा कि तकनीक का समुचित उपयोग करते हुए मानवीय बुद्धि का उपयोग भी जरूरी है।

### वार्षिकोत्सव का होगा आयोजन

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा स्थित श्री सनातन गौ-सेवा धाम समिति में हर वर्ष की भांति वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 9 मार्च रविवार को सुबह 10 बजे आयोजित होगा। कार्यक्रम डेरा बाबा रामरूप जी महाराज के महंत बाबा गुमानदास एवं बाबा सोमवारपुरी कुटियाधाम के महंत कैलाशगिरी महाराज के सानिध्य में होगा। जिसमें बतौर मुख्याअतिथि उद्योगपति एवं समाजसेवी रतनलाल हवेलिया, समारोह अध्यक्ष विधायक कपूर वाल्मीकि होंगें।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने मकान के ताले तोड़कर बर्तन चोरी किए

**धारूहेड़ा।** रोजका गांव में चोर एक बंद मकान के ताले तोड़कर हजारों रुपये के बर्तन चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में सुरेंद्र ने बताया कि वह इस समय सेक्टर-4 में रह रहा है। चोर उसके गांव स्थित मकान के ताले तोड़कर पीतल की टंकी, टोकनी व कई बर्तन चोरी कर ले गए। इनमें लोहे का सामान भी शामिल था। पूछताछ करने पर कुछ बर्तन गांव में बरामद भी हो गए। काफी पूछताछ करने के बाद भी चोरों का कोई पता नहीं चला। पुलिस ने उसकी शिकायत पर चोरी का केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू कर दी।

### चोरी का आरोपी प्रोडक्शन वारंट पर

**धारूहेड़ा।** धारूहेड़ा थाना पुलिस ने चोरी के मामले में एक आरोपी को प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। पुलिस ने चोरी की वारदात के बाद गत वर्ष 23 अगस्त को केस दर्ज करते हुए जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने राजस्थान के भंडारा निवासी नखरूद्दीन उर्फ नसरू को कोर्ट से प्रोडक्शन वारंट पर लिया है। वह एक अन्य मामले में जेल में बंद चला आ रहा है। आरोपी को पूछताछ के बाद कोर्ट में पेश करते हुए एस्कोर्ट गार्द के हवाले कर दिया गया।

### चोरों ने खेत में बने फार्म में लगाई सेंध, शिकायत

**रेवाड़ी।** गढ़ी बोलनी रोड पर चोर एक कृषि फार्म के ताले तोड़कर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में डा. विशाल यादव ने बताया कि गढ़ी बोलनी रोड पर उसका फार्म है। इस फार्म के गेट व अंदर के ताले तोड़कर चोर हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। इनमें बिजली के तार व अन्य सामान शामिल है। विशाल ने बताया कि उसके फार्म पर चोरी यह चौथी वारदात है, परंतु अभी तक पुलिस चोरों को काबू नहीं कर पाई है।

### नाहड़ के दो नलकूपों पर चोरी की वारदात

**नाहड़।** गांव के खेतों में चोर दो नलकूपों से हजारों रुपये का सामान चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में रामकिशन ने बताया कि जब वह सुबह अपने खेत में बने कमरे पर पहुंचा तो ताला टूटा हुआ मिला। चोर कमरे से इन्वर्टर, बैट्री व सोलर प्लेट चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने पर पता चला कि चोरों ने पड़ोस में रहने वाले सुधीर के नलकूप पर भी चोरी की वारदात को अंजाम दिया है।

### बिना बताए घर से लापता हुई महिला, शिकायत

**रेवाड़ी।** रामपुरा क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली 28 वर्षीय महिला बिना बताए घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में महिला के पति ने बताया कि वह लगभग 10 साल से रामपुरा क्षेत्र के एक मोहल्ले में माता-पिता व परिवार के साथ रह रहा है। उसकी 28 वर्षीय पत्नी 2 मार्च को अचानक घर से लापता हो गई। उसके शाम तक घर नहीं लौटने के बाद काफी तलाश की गई।

### घर से लापता हुई 21 साल की युवती

**रेवाड़ी।** रामपुरा थानांतर्गत एक गांव से 21 साल की युवती घर से लापता हो गई। पुलिस शिकायत में युवती के पिता ने बताया कि उसकी बेटी 2 मार्च को अचानक घर से कहीं चली गई। काफी पूछताछ करने के बाद भी उसकी बेटी का कोई पता नहीं चल सका। उसने आशंका जताई है कि उसकी बेटी को गौरव व सुमित नाम के दो युवक बहला-फुसलाकर भागकर ले गए।

### खेल प्रतियोगिताओं में दिखाई प्रतिभा

**रेवाड़ी** जय बाबा जोहड़ वाला समिति व ग्रामवासियों की ओर से गांव बुड़ौली में 6 मार्च को भंडारे व खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। गांव के सरपंच सतीश धनखड़ ने बताया कि खेल प्रतियोगिताओं में नेशनल कबड्डी में प्रथम विजेता को 31 हजार, द्वितीय को 21 हजार व तृतीय स्थान की टीम को 11 हजार का नकद इनाम दिया जाएगा। इसके अलावा लड़कियों की 800 मीटर दौड़ में विजेता को 2100 व उपविजेता को 1100 रुपये की राशि दी जाएगी।

---

हाराप्रसाद का आधार कार्ड पर लिखा पता भी फर्जी पाया गया

# मैट्रिक पास और करोड़ों की ठगी का जाल 5 आरोपियों में एक आरोपी ही 12वीं पास

- किराए के मकान में पांचों आरोपी शिक्षित लोगों को लगाते रहे चूना,

**नरेन्द्र वत्स ▶▶ रेवाड़ी**



रेवाड़ी। आरोपियों के कब्जे से बरामद किया गया सामान। *फोटो: हरिभूमि*

देश के विभिन्न राज्यों में उच्च शिक्षित लोगों को अलग-अलग हथकंडे अपनाकर साइबर ठगी का शिकार बनाने वाले पांच आरोपियों में से एक बारहवीं पास है, जबकि चार आरोपी मैट्रिक पास ही हैं। इसके बावजूद यह लोग लाखों-करोड़ों रुपये की साइबर ठगी को आसानी से अंजाम देते रहे। गिरोह का मास्टर माइंड हारा प्रसाद माना जा रहा है, जिसका आधार कार्ड में लिखा गया पता भी फर्जी पाया गया है। साइबर थाने से पुलिस टीम एप डाउनलोड करने के बाद बैंक खाते से नकदी उड़ाने के मामले में एक आरोपी की गिरफ्तारी के लिए बिहार गई थी। जिस खाते की जानकारी मिली थी, उसके मुताबिक ठगी का पैसा हारा प्रसाद के यश बैंक के खाते में ट्रांसफर हुआ था। हारा प्रसाद के आधार कार्ड पर लिखा गया पता भी फर्जी था, जिस कारण पुलिस को उसकी तलाश में कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। बिहार पुलिस की मदद से जब पुलिस हारा प्रसाद तक पहुंची, तो वहां से चार अन्य आरोपी भी पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस के अनुसार पांच आरोपियों में एक बारहवीं पास है, जबकि चार अन्य मैट्रिक हैं। इसके बावजूद यह लोग बड़ी संख्या में आमजन को साइबर ठगी का शिकार बनाते रहे। आरंभिक पूछताछ में यह बात सामने आई है कि इन लोगों ने प्रदेश में साइबर ठगी की एक ही वारदात को अंजाम दिया था, जबकि दूसरे राज्यों में 82 शिकायतों में इनकी संलिप्तता सामने आई है। रिमांड पर पूछताछ के दौरान यह आंकड़ा बढ़ भी सकता है। जिला पुलिस के लिए साइबर ठगों का बड़ा नेटवर्क तोड़ने की यह बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है।

### एप के जरिए ही लगा रहे लोगों को चूना

पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपी लोगों को मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित करते थे। उन्हें मोबाइल फोन से घर बैठे बैंकिंग सेवाओं का लाभ उठाने का झांसा दिया जाता था। एप डाउनलोड होने के बाद संबंधित व्यक्ति का मोबाइल फोन रिमोट सिस्टम से साइबर ठगों के हाथ में आ जाता था। इसके बाद ओटीपी का पता लगाकर वह संबंधित व्यक्ति की राशि दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लेते थे।

### पांच लाख की एफडी भी तोड़ दी थी

वेदप्रकाश के बैंक खाते में 5 लाख रुपये फिक्स डिपोजिट के रूप में जमा थे। मोबाइल फोन पर एप डाउनलोड करने के बाद साइबर ठगों ने रिमोट के जरिए पहले उसकी एफडी तोड़ने का काम किया। इसके बाद एफडी की रकम को सेविंग अकाउंट में डालकर दूसरे खाते में ट्रांसफर कर लिया। डायल-1930 पर शिकायत दर्ज कराने के बाद संबंधित बैंक खाते को सीज कर दिया गया था। पूछताछ के दौरान अभी आरोपियों के कब्जे से ठगी की कोई रकम बरामद नहीं हुई है, परंतु उनके बैंक खातों को खंगाला जा रहा है।

### पूछताछ में हो सकते हैं अन्य खुलासे



साइबर थाना पुलिस की टीम ने ठगों के बड़े नेटवर्क का खुलासा करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों से रिमांड के दौरान पूछताछ की जा रही है। रिमांड पूरा होने के बाद ही ठगी के मामलों की सही संख्या का पता चल सकेगा। साइबर ठगों के प्रति लोगों का जागरूक होना जरूरी है।

-मयंक गुप्ता, एसपी।

---



रेवाड़ी। साल्हावास रोड़ से विवेकानंद स्कूल तक अधूरा पड़ा सड़क निर्माण कार्य।

## एक साल से अटका सड़क निर्माण, लोग परेशान

- एक साल पूर्व विभाग की ओर से टेंडर जारी किया गया था

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोसली**

पंचायती विभाग की ओर से एक साल से कोसली के साल्हावास रोड़ से विवेकानंद स्कूल तक बनने वाले रोड़ का कार्य लटकाया हुआ है, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। देवेन्द्र शर्मा, रामेहर, मुनीलाल, सतपाल व सुखबीर ने बताया कि एक साल पूर्व विभाग की ओर से टेंडर जारी किया गया था। इतना समय गुजर जाने के बाद भी काम पूरा होने का नाम नहीं ले रहा है। डेढ माह पहले ठेकेदार ने की ओर से मार्ग पर रोड़ियां व मिट्टी डाली गई थी, उसके बाद से कार्य बंद पड़ा हुआ है। अब इस मार्ग पर टाइल्स बिछाने का काम किया जाना शेष है, लेकिन न तो ठेकेदार और न ही विभाग की ओर से सड़क बनाने की ओर ध्यान दिया जा रहा है। पंचायतीराज विभाग के एसडीओ विकास ने बताया कि ठेकेदार को इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। एक दो दिन में कार्य शुरू हो जाएगा।

---

## 'नई राह-नई पहचान' अभियान आज से

- शिक्षा का हक: भिखारियों के पुनर्वास व उनको मुख्य धारा में लाना अभियान का उद्देय

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**



सीजेएम अमित वर्मा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अमित वर्मा ने बताया कि जिले में जागरूकता के लिए मार्च महीने में 'शिक्षा का हक, नई राह-नई पहचान' अभियान चलाया जाएगा। अभियान के दौरान शिक्षा के अधिकार अधिनियम के बारे में जागरूकता पैदा करने, भिखारियों के पुनर्वास व उनको मुख्य धारा में लाने के लिए अनेक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए मार्गदर्शन दिया जाएगा। इस कार्य में एनजीओ मिशन टू द डेस्पेरेट एंड डेस्टिट्यूट ऑफ इंडिया, जिला समाज कल्याण कार्यालय, श्रम विभाग व शिक्षा विभाग सहयोग करेंगे। अभियान के लिए पैरा लीगल वॉलेंटियर रमेश कुमार शर्मा, हेमंत, प्रदीप, संगीता यादव, दीपक, जिला बाल एवं संरक्षण कार्यालय से पीओ करुणा, श्रम विभाग से लेबर इंस्पेक्टर राजबीर प मिशन टू द डेस्पेरेट एंड डेस्टिट्यूट ऑफ इंडिया से तरुण, जिला बाल एवं संरक्षण कार्यालय से सामाजिक कार्यकर्ता सोनू देवी तथा सरकारी स्कूलों के शिक्षकों व कर्मचारियों की टीमें गठित की गई है। गठित टीमें 5 मार्च को ढालियावास चौक तथा सेक्टर-18 के स्लम एरिया, 7 मार्च को कोनसीवास रोड पर स्लम एरिया, 10 मार्च को डहीना बस अड्डे के पास स्लम एरिया, 12 मार्च को रेलवे स्टेशन बावल के नजदीक तथा 17 मार्च को धारूहेड़ा बस अड्डे के पास जागरूकता अभियान चलाया जाएगा।

## समाधान शिविर में दो बुजुर्गों की बनवाई पेंशन

- शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**



रेवाड़ी। समाधान शिविर में लोगों की शिकायतें सुनते डीसी। *फोटो: हरिभूमि*

मंगलवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखी। डीसी अभिषेक मीणा ने नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने गांव जलियावास में अवैध कब्जा हटाने व सेक्टर-1 में सीवरेज समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। शिविर में जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से महिपाल निवासी भटसाना व रामकंवर निवासी भाकली की वृद्धावस्था पेंशन बनाने की कार्यवाही मौके पर की गई। समाधान शिविर में अवैध कब्जा, वृद्धावस्था सम्मान भत्ता, दिव्यांग पेंशन व प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित समस्याएं रखी गई। अधिकांश समस्याओं का मौके पर ही निदान किया गया और शेष पर अधिकारियों को कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर डीसी ने कहा कि आमजन की समस्याओं का समय पर समाधान करने में समाधान शिविर सरकार की एक अच्छी पहल साबित हो रहें हैं। इस दौरान एडीसी अनुपमा अंजलि, सीटीएम प्रीति रावत व डीडीपीओ नरेंद्र सारवान सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे।

## दिव्यांगों को यूडीआईडी कार्ड बनवाना अनिवार्य

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**



डीसी अभिषेक मीणा।

जिला प्रशासन की ओर से सभी दिव्यांगजन पेंशन लाभपात्रों को यूडीआईडी कार्ड यानि यूनिक डिसेबिलिटी आईडी कार्ड बनवाने की हिदायत दी गई है। यह कार्ड दिव्यांगजनों के लिए अति महत्वपूर्ण है। डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि कार्ड बनने के बाद दिव्यांगजनों को दस्तावेजों की प्रतियां बनाने और अन्य दस्तावेजों को लाने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि कार्ड में सभी आवश्यक विवरणों की जानकारी रहेगी, जिन्हें डिकोड किया जा सकता है। यूडीआईडी कार्ड भविष्य में विभिन्न योजनाओं व सेवाओं का लाभ उठाने के लिए दिव्यांगजनों की पहचान व सत्यापन का एकल दस्तावेज होगा। यूडीआईडी कार्ड ग्राम स्तर, ब्लॉक स्तर, जिला स्तर, राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर पर लाभार्थी की भौतिक और वित्तीय प्रगति की ट्रैकिंग को सुव्यवस्थित तरीके से करने में भी मदद करेगा। जिले में इस समय 10228 दिव्यांग लाभार्थी है, जिनमे से 6283 के कार्ड बन चुके है व 1349 आवेदन लंबित है। यूडीआईडी कार्ड बनवाने के लिए प्रत्येक माह के प्रति बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी रेवाड़ी कार्यालय में आवेदन किया जा सकता है।

## शांति निकेतन आश्रम में अखंड पाठ

- बाबा धर्मानंद सरस्वती की स्मृति में मेले व भंडारे का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ नाहड़**



रेवाड़ी। शांति निकेतन आश्रम में हवन करते श्रृद्धालु। *फोटो: हरिभूमि*

खंड नाहड़ के गांव गुर्जरवास स्थित शांति निकेतन आश्रम में मंगलवार को बाबा धर्मानंद सरस्वती महाराज की याद में भंडारे का आयोजन किया गय।

इस अवसर पर अखंड रामायण पाठ तथा मेले का आयोजन भी किया गया। गत दिवस सोमवार को पंडित रामेश्वर तथा उनकी टीम ने अखंड रामायण पाठ के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की। मंगलवार सुबह पंडित अरविंद शर्मा ने हवन कराने के बाद कन्याओं तथा साधुओं को भोजन कराकर श्रद्धालुओं को भंडारे का प्रसाद वितरित किया। साधु-संतों ने भजन प्रवचन के माध्यम से बाबा की महिमा का गुणगान किया। मेले में लोगों ने स्टालों से खरीदारी की तो बच्चों ने झूलों पर आनंद लिया। इस अवसर पर नाहड़ ब्लॉक समिति चेयरमैन दुष्यंत यादव, गांव के सरपंच कृष्ण कुमार, स्वामी धर्मानंद सरस्वती कमेटी प्रधान एवं नाहड़ मंडल अध्यक्ष हरीश दायमा, डहीना मंडल अध्यक्ष गोपीचंद, बाबा सुंदर सिंह, बाबा रतिराम गिरी, कृष्ण राव, धर्मबीर, रमेश अनिल फौजी, मनोज व रिंकू पहलवान सहित इलाके के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## टावर लगवाने को सरपंच के किए फर्जी हस्ताक्षर

- पुलिस ने एक आरोपी के खिलाफ किया मुकदमा दर्ज

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**

चांदुवास में विवादित जमीन पर मोबाइल टावर लगवाने के लिए सरपंच की एनओसी जारी करने के लिए एक व्यक्ति ने फर्जी मोहर और साइन का सहारा लिया। बाद में जमीन पर टावर लगवाने का कार्य शुरू करा दिया। एसपी के आदेश पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है।

एसपी को दर्ज शिकायत में गांव की सरपंच सीमा देवी ने बताया कि गांव में एक विवादित जमीन पर टावर लगवाने के लिए गांव के ही गुल्लाराम ने सरपंच के नाम की फर्जी मोहर बनवा ली। फर्जी मोहर और हस्ताक्षर से सरपंच की एनओसी जारी करते हुए जमीन पर मोबाइल टावर लगवाने की प्रक्रिया शुरू करा दी। सरपंच ने बताया कि लालडोरा के अंदर आने वाली इस जमीन पर स्वामित्व को लेकर विवाद बना हुआ है। इसके बावजूद गुल्लाराम जमीन पर टावर लगवा रहा है। इससे गांव के लोगों में रोष देखने को मिल रहा है। इस जमीन पर विवाद के चलते किसी को भी काबिज होने का अधिकार नहीं है। सरपंच ने आरोप लगाया कि जब गुल्लाराम को ऐसा करने से मना किया गया, तो उसने उसके साथ दुर्व्यवहार भी किया। सरपंच की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करने के आदेश दिए थे।

---

**परेशानी** | मंगलवार को आरडब्ल्यूए ने समाधान शिविर में दी शिकायत

# सेक्टर एक के होलिका पार्क में जमा सीवर का गंदा पानी, शिकायत के बाद भी समाधान नहीं

- एनसीएलटी ने मिस्त्री को चेयरमैन पद पर बहाल करने कहा ,
- सेक्टर की अनेक समस्याओं के समाधान की मांग

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ रेवाड़ी**





रेवाड़ी। सेक्टर-1 के होलिका पार्क में जमा सीवर का गंदा पानी। व डीसी को ज्ञापन देने पहुंचे सेक्टरवासी। *फोटो: हरिभूमि*

होली के पर्व को नौ दिन शेष है और सेक्टर-1 के होलिका दहन स्थल होलिका पार्क में लंबे समय से सीवर ओवरफ्लों की समस्या का समाधान नहीं हो रहा है, जबकि सेक्टरवासी प्रशासन को समस्या से कई बार अवगत करा चुके है।

मंगलवार को सेक्टर-1 रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन की ओर से प्रधान रविंद्र यादव के नेतृत्व में डीसी को समाधान शिविर में सेक्टर की लंबित समस्याओं को लेकर शिकायत दी गई। एसोसिएशन के महासचिव निरंजन लाल गुप्ता ने बताया कि सेक्टर के होली पार्क में सीवर ओवरफ्लो होने से बदहाली हो रही है। इसके अलावा रेन वाटर व सीवर चेंबर के ढक्कन न होने, सूखे व हरे पेड़ों की गिरने की स्थिति से दुर्घटना की आशंका, महाराणा प्रताप चौक से सेक्टर की निमार्णाधीन सड़क के बीच में खंभों का होने, सेक्टर में बढ़ती अवैध पार्किंग व अशुद्ध पेयजल की आपूर्ति की समस्याएं रखी गई। सेक्टरवासी समस्याओं को लेकर पहले भी जिला उपायुक्त को ज्ञापन दे चुके है तथा सीएम विंडो भी शिकायत लगाई जा चुकी है, लेकिन प्रशासन के संज्ञान नहीं लेने से सेक्टर की स्थिति बदतर होती जा रही है, जिससे सेक्टर वासियों में भारी रोष व्याप्त है। डीसी ने एसोसिएशन की समस्याओं को सुनकर अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान करने के आदेश दिए। इस मौके पर एसोसिएशन से अशोक गुप्ता, शिव सिंहल तथा नारायण दास भी उपस्थित थे।

## सुनीता अग्रवाल वैश्य समाज महिला इकाई की अध्यक्ष नियुक्त



रेवाड़ी। सुनीता अग्रवाल।

**रेवाड़ी।** अग्रवाल वैश्य समाज के प्रदेश अध्यक्ष अशोक बुवानीवाला और महिला प्रदेश अध्यक्ष सुशीला सर्राफ ने सुनीता अग्रवाल को अग्रवाल वैश्य समाज रेवाड़ी की महिला इकाई का अध्यक्ष मनोनीत किया है। सुनीता अग्रवाल ने इस नियुक्ति पर अग्रवाल वैश्य समाज के सभी पदाधिकारियों का आभार जताया है और समाज को एकजुट करने, सबको साथ लेकर चलने, लोगों को संगठन से जोड़ने व समाज हित के लिए कार्य करने का आश्वासन दिया है। और अपने पद पर ईमानदारी से काम करने की बात कही।

### सूचना

मैं, मुनेष (MUNESH) पत्नी श्री सतपाल निवासी ग्राम लिलोढ़, उपतहसील नाहड़, जिला रेवाडी, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरा नाम मेरे कुछ दस्तावेजों में मुनेष, कुछ में मुनेश देवी, कुछ में मुकेश तथा शैक्षणिक रिकार्ड में मेरा नाम मुनेश कुमारी है। अब मैंने अपना नाम मुनेष (MUNESH) रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मेरा नाम मुनेष (MUNESH) ही रहेगा तथा मुझे मुनेष (MUNESH) के नाम से पहचाना जाएगा।

### सूचना

मैं, कारूणय गर्ग (Karunaya Garg) पुत्र बसंत कुमार (Basant Kumar) उम्र 20 साल निवासी रेलवे स्टेशन कोसली भाकली-2, तहसील कोसली जिला रेवाडी हरियाणा बयान करता हूं कि मैने अपना नाम कारूणय (Karunaya) से बदलकर कारूणय गर्ग (Karunaya Garg) रख लिया है। भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए मुझे कारूणय गर्ग (Karunaya Garg) के नाम से जाना जावे।

### सूचना

मैं, दिनेश कुमार पुत्र श्री मंगल सिंह निवासी ग्राम अलावलपुर, तहसील बावल, जिला रेवाड़ी बयान करता हूं कि मेरा पुत्र कुलदीप कुमार व मेरी पुत्रवधु मिनाक्षी मेरे कहने–सुनने से बाहर हैं। इसलिये मैं इनको अपनी चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन–देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

DK Realestate
A name you can trust it.
DK Real Estate
लेकर आया है आपके लिए रेवाड़ी की प्राइम लोकेशन नया बस स्टैण्ड व मैट्रो स्टेशन के पास
प्लॉट ही प्लॉट
मात्र 16000/- से 20000/- प्रति वर्ग गज से शुरू

DK Yadav
(Real Estate Developer's)
9467141575
Website : www.dkrealestate.co.in Dinesh Kumar dkrealestaterewari DK Real Estate

## खबर संक्षेप

### रास्ता रोकने पर ऑटो चालक पर केस दर्ज

**रेवाड़ी।** जीआरपी ने लोहारू रेलवे स्टेशन के गेट पर रास्ते में ऑटो खड़ा करने के आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। जीआरपी के अनुसार लोहारू की लोको कॉलोनी निवासी चालक कालूराम ने अपना ऑटो बीच रास्ते में खड़ा किया हुआ था। इससे आवागमन बाधित हो रहा था। मना करने के बाद भी उसने अपना ऑटो वहां से नहीं हटाया। जीआरपी ने ऑटो को अपने कब्जे में ले लिया। वहां से मिली रिपोर्ट के आधार पर जीआरपी ने चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया।

### दहेज उत्पीड़न केस में मां-बेटा गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी मां-बेटे को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने विवाहिता की शिकायत के आधार पर दोनों पक्षों के बीच बातचीत से समझौता कराने के प्रयास किए थे। बातचीत सिरे नहीं चढ़ने के बाद पुलिस ने गत वर्ष 21 दिसंबर को ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया था। इस मामले में पुलिस ने बोड़यिा कमालपुर निवासी संतोष देवी व उसके बेटे भीमसिंह को गिरफ्तार कर लिया।

### बिशनपुर से किसान का बैल चोरी

**बावल।** बिशनपुर गांव से चोर रात के समय एक किसान का बैल चोरी कर ले गए। पुलिस शिकायत में कृष्ण कुमार ने बताया कि उसने खेती करने के लिए चार साल पहले 50 हजार रुपये में बैल खरीदा था। बैल से खेती करके वह परिवार का गुजारा करता है। रात के समय चोर उसके घर के पास प्लॉट में बंधा बैल चोरी कर ले गए। उसने अपने स्तर पर काफी तलाश की, परंतु बैल का कोई पता नहीं चला। बावल थाना पुलिस ने किसान की शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद बैल की तलाश शुरू कर दी।

### कथा सुनने गई महिला की चेन उड़ाई

**धारूहेड़ा।** बास रोड निवासी एक महिला के गले से सोने की चेन चोरी हो गई। पुलिस शिकायत में शिल्पा देवी ने बताया कि वह श्री श्याम मंदिर में चल रही शिव महापुराण कथा सुनने के लिए गई थी। शाम को कथा के समापन पर जब वह घर लौटने लगी तो उसके गले से सोने की चेन गायब मिली। मंदिर में लगे सीसीटवी कैमरों की मदद से चेन चोर का पता लगाने के प्रयास किए, परंतु फुटेज में चोर दिखाई नहीं दिया।

स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाया जा रहा टीबी मुक्त अभियान

# जिले के 87 गांवों की टीबी पर विजय, अब स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी-डे पर मिलेगा इनाम

■ सौ दिन के अभियान में अब तक 34 टीबी पॉजिटिव मरीज मिले

हेमंत शर्मा ▸▸| रेवाड़ी

स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले को टीबी मुक्त करने की दिशा में अभियान चलाया जा रहा है। विभाग की ओर से प्रति वर्ष 24 मार्च को टीबी-डे पर टीबी बीमारी से मुक्त गांवों को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष स्वास्थ्य विभाग ने जिले में 87 ग्राम पंचायतों को टीबी फ्री घोषित किया है। इन गांवों को टीबी-डे पर पुरस्कार दिए जाएंगे। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पुरस्कार के रूप में राष्टपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाएं दी जाती है। 87 ग्राम पंचायतों में से 13 गांवों को सिल्वर व 74 को कांस्य की प्रतिमाएं दी जाएंगी। जिले को टीबी मुक्त करने के लिए स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी के मरीजों की पहचान की जा रही है। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग की दो मोबाइल मेडिकल यूनिट वैन गांव व शहर में लोगों की जांच करके टीबी मरीजों की पहचान कर रही है। यह टीम टीबी बीमारी की पहचान के लिए एनएएटी व बलगम के सेंपल लेकर तुरंत रिपोर्ट दे रही है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जिले में 100 दिन के टीबी मुक्त अभियान की शुरूआत 6 दिसंबर को की गई थी तथा 8 दिसंबर को मोबाइल यूनिट वैन गांवों के लिए रवाना की गई। अभियान के तहत 89 दिनों में 126 के करीब शिविर लगाकर अब तक 132618 लोगों की स्क्रीनिंग की जा चुकी है, जिसमें टीबी के 34 पॉजिटिव मरीज मिले है। पिछले वर्ष जिले में तीन हजार के करीब टीबी के मरीज थे।

अभियान के दौरान टीम हाई रिस्क श्रेणी में शामिल लोगों की जांच कर रही है। टीबी की पुष्टि होने पर उनका उपचार भी शुरू किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की दो मेडिकल मोबाइल यूनिट लोगों की स्क्रीनिंग कर रही है, जिसमें एक यूनिट में एक्स-रे की भी सुविधा है। मेडिकल यूनिट में एक मेडिकल ऑफिसर, 3 आशा वर्कर्स, 2 एएनएम, एक टीबी सुपरवाइजर, दो कंप्यूटर ऑपरेटर व एक रेडियोग्राफर ड्यूटी दे रहे है। टीबी के लक्षण मिलने पर मरीज की अन्य जांच नागरिक अस्पताल में की जा रही है।




रेवाड़ी। एक गांव में मोबाइल वैन के साथ टीम के सदस्य, गांव में लोगों के सेंपल लेते हुए टीम, अडॉप्ट किए गए मरीजों को राशन वितरण। फोटो :हरिभूमि

### इन श्रेणी के लोगों की हो रही जांच

मोबाइल यूनिट पिछले पांच साल में टीबी से ठीक हुए, पिछले तीन साल में टीबी मरीज के संपर्क में आए लोगों, 60 साल से ज्यादा उम्र वाले लोग, स्मोकर, मधुमेह से पीड़ति, बीएमआई यानि शरीर द्रव्यमान सूचकांक और रिहायशी स्कूल में पढ़ने वाले बच्चों व निमार्णाधीन स्थल पर काम करने वाले लोगों की जांच कर रही है। टीबी विभाग की ओर से अब तक अभियान के 89 दिनों में 126 शिविर लगाए जा चुके है। इन कैंपों में 132618 लोगों की जांच की जा चुकी है। जांच में अब तक 2129 लोगों के न्यूक्लिक एसिड एम्पलीफिकेशन टेस्ट यानि एनएएटी किए गए है। 2986 लोगों के एक्स-रे व 6739 लोगों की बलगम की जांच हो चुकी है। जांच के बाद 34 टीबी पॉजिटिव मरीज मिल चुके है।

### टीबी बीमारी के लक्षण

दो सप्ताह से ज्यादा खांसी, शाम के समय तेज बुखार होना, छाती में दर्द, वजन का घटना, भूख न लगना व बलगम के साथ खून आना टीबी के लक्षण है।

### तीन हजार मरीज किए जा चुके अडॉप्ट

सरकार की ओर से निक्षय पोषण योजना के तहत टीबी के मरीजों को 1000 रुपये प्रतिमाह दिए जा रहे है। जिले में स्वास्थ्य विभाग की ओर से 78 प्रतिशत मरीजों को यह राशि दी जा चुकी है। पहले ये राशि 500 रुपये थी, जिसको बढ़ाकर एक हजार किया गया है। इसके अलावा सामाजिक संस्थाओं व डॉक्टरों की ओर से तीन हजार टीबी मरीज अडॉप्ट किए जा चुके है, जिनकों प्रतिमाह राशन व अन्य जरूरत का सामान उपलब्ण कराया जा रहा है।

### लोगों की मौके पर ही स्क्रीनिंग करके टीबी की पुष्टि होने पर उपचार दिया जा रहा



*जिले को टीबी मुक्त करने की दिशा में स्वास्थ्य विभाग की ओर से अभियान चलाया गया है। इस अभियान का समापन 24 मार्च को टीबी-डे पर किया जाएगा। लोगों की मौके पर ही स्क्रीनिंग करके टीबी की पुष्टि होने पर उपचार दिया जा रहा है।*

*-डा. दीपक वर्मा, डिप्टी सिविल सर्जन, रेवाड़ी।*

### इंजेक्शन करेगा टीबी मरीजों की पहचान

टीबी मुक्त अभियान के तहत अब सीवाई-टीबी इंजेक्शन लगाकर भी टीबी मरीज की पहचान की जा रही है। यह इंजेक्शन टीबी मरीज के संपर्क में रहने वाले लोगों की लगाए जा रहे है। नागरिक अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी में से इंजेक्शन लगाकर मरीजों की जांच जा रही है। इंजेक्शन लगने के बाद 36 से 48 घंटे के अंतराल में टीबी मरीजों की पहचान हो सकेगी।

### बंद मकान के ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी

**बावल।** जयसिंहपुर खेड़ा में चोर एक बंद मकान के ताले तोड़कर नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस शिकायत में किशनलाल ने बताया कि वह अपने परिवार सहित खेत में कार्य करने के लिए गया हुआ था। उसकी पुत्रवधु निशा शाम के समय पशुओं को चारा डालने के लिए घर आई थी। जब वह घर पहुंची तो मकान के सारे ताले टूटे हुए थे। मकान के अंदर सामान बिखरा हुआ था। निशा ने फोन पर सूचना दी तो वह घर आ गया। चोर घर से सोने की झुमकी, टीका व अन्य जेवरात सहित 65 हजार रुपये चोरी कर ले गए। उसने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने चोरी का जायजा लिया। बाद में केस दर्ज करते हुए पुलिस ने चोरी की जांच शुरू कर दी।

# पावटी में पुलिस ने खुलवाया शराब ठेका, विरोध की सुगबुगाहट शुरू

■ काफी दिनों से ठेका बंद रहने के कारण शराब ठेकेदार को भी नुकसान का सामना करना पड़ा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल

पावटी में कुछ माह पूर्व बंद कराए गए ठेके को मंगलवार को पुलिस ने फिर से चालू करा दिया। इससे ग्रामीणों में विरोध के स्वर मुखर होने शुरू हो गए हैं। काफी दिनों से ठेका बंद रहने के कारण शराब ठेकेदार को भी नुकसान का सामना करना पड़ा है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर ठेका सात माह बाद शुरू कराया है।

पावटी के ग्रामीण गांव में ठेका खुलने का विरोध करते आ रहे हैं। कुछ माह पूर्व ग्रामीणों ने ठेका बंद कराने के लिए विरोध तेज कर दिया था। यह ठेका सीताराम के नाम से अलॉट लिया था। गुस्साए ग्रामीणों ने ठेका खोलने के लिए रखा गया खोखा उखाड़कर फेंक दिया था। ग्रामीणों का कहना था कि शराब ठेके के कारण गांव में माहौल खराब हो रहा है। ठेके के आसपास से महिलाओं और लड़कियों का गुजरना भी मुश्किल बना रहता है। लोग ठेके के पास ही शराब पीकर अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हैं। इसके बाद कुछ दिनों तक ठेका बंद रहा। ठेकेदार ने आबकारी विभाग से ठेका फिर से शुरू कराने की मांग की थी। मंगलवार को पुलिस ने मौके पर जाकर ठेका खोलने के लिए खोखा फिर से रखवा दिया। पुलिसबल की मौजूदगी के कारण फिलहाल ठेके का विरोध नहीं हुआ, परंतु ग्रामीण ठेका बंद कराने के लिए एक बार फिर से लामबद्ध होने शुरू हो गए हैं।


रेवाड़ी। पावटी में शराब ठेके का खोखा टिकवाते हुए पुलिस। फोटो :हरिभूमि

### दो ठेकेदारों के बीच जंग का परिणाम

सूत्रों के अनुसार इस ठेके को बंद कराने के लिए दूसरे ठेकेदार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं। इस ठेके कारण पास के ही दूसरे ठेकेदार की सेल प्रभावित होती है, जिस कारण ग्रामीणों को उकसाकर ठेका बंद करा दिया गया था। ठेकेदार ने आबकारी अधिकारियों से गुहार लगाने के बाद कोर्ट की शरण ली थी। ठेकेदार ने बताया कि कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने 7 माह बाद दोबारा ठेका शुरू कराया है।

# कंपनी श्रमिक की उंगलियां कटीं ठेकेदार के खिलाफ केस दर्ज

हरिभूमि न्यूज. धारूहेड़ा

ततारपुर में मशीन पर कार्य करते समय एक श्रमिक के हाथ की चार उंगलियां कट गईं। पुलिस ने उसके बयान पर ठेकेदार व प्रबंधन के लोगों पर लापरवाही का केस दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यूपी के बलदेव निवासी मदन मोहन ने बताया कि वह अलावलपुर चौक पर किराए के मकान में रह रहा है। वह करीब एक माह से ततारपुर की कंपनी में प्रेस मशीन चलाने का कार्य कर रहा है। पुलिस बयान में उसने आरोप लगाया कि ठेकेदार कुलदीप व प्रबंधन के अधिकारी 15-15 दिन दो शिफ्टों में कार्य कराते हैं। दोनों शिफ्टों में नहीं जाने पर वेतन नहीं देने की धमकी दी जाती है। उसने आरोप लगाया कि कंपनी की मशीनों की समय पर मरम्मत तक नहीं कराई जाती। सुरक्षा उपकरणों के नाम पर भी कुछ नहीं है। एक प्रेस मशीन पर काम करते समय मशीन के ब्रेक ने काम करना बंद कर दिया, जिससे मशीन की चपेट में आकर उसकी चार उंगलियां कट गईं। कंपनी के दूसरे श्रमिकों ने उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने उसके बयान पर आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी।

# सफाईकर्मी को नौकरी के नाम पर बनाया ठगी का शिकार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रेवाड़ी

होटल में ठहरे एक व्यक्ति ने सफाई का कार्य करने वाले युवक को नौकरी के नाम पर हजारों रुपये की ठगी का शिकार बना दिया। सदर थाने पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद आरोपी की तलाश शुरू कर दी पुलिस शिकायत में बालावास जमापुर निवासी कृष्णकांत ने बताया कि लगभग 2 माह पहले उसकी मुलाकात सुनील नाम के व्यक्ति से हुई थी। होटल पर काम करते हुए वह सुनील को कमरे में चाय देने के लिए गया था। इसी दौरान उसने बताया कि वह उसे एचकेआरएन के तहत नौकरी लगवा सकता है। उसे 50 हजार रुपये देने होंगे। कृष्णकांत ने बताया कि उसने सुनील को 4 हजार रुपये नकद और 46 हजार रुपये घर जाकर फोन-पे से भेजने को कहा था। घर जाने के बाद उसने फोन-पे से यह राशि उसके नंबर पर डाल दी। सुनील ने उसे 4 जनवरी को चरखी दादरी लोक निर्माण विभाग के कार्यालय में नौकरी करने के लिए ज्वाइनिंग लेटर दे दिया।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
रेवाड़ी कार्यालय : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, सेक्टर-1 वाला कच्चा रास्ता, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी सम्पर्क करें: 8053076211, 8295738500, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 1500/-<br>रु. 2000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
रेवाड़ी : दुकान नंबर 67, दुर्गा मार्केट, नजदीक महाराणा प्रताप चौक, बावल रोड, रेवाड़ी फोन : 9653537253, 9671434260

# अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाला आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बावल

बावल थाना पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला डिंग के वार्ड नं 6 नगर निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू के रूप में हुई है। गत एक मार्च को पुलिस को सूचना मिली थी कि शेरसिंह निवासी गांव नंगला डूंगर जिला खैरथल राजस्थान गांव रसियावास में शिवाच भट्टे पर काम करता है तथा उसके पास अवैध हथियार है। पुलिस ने मौके से आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर पुलिस को आरोपी की झुग्गी से 1 अवैध देशी कट्टा व 3 जिंदा रोंद को बरामद हुए। पुलिस पूछताछ में आरोपी शेर सिंह ने बताया कि वह अवैध देशी कट्टा राजस्थान के जिला डीग निवासी जितेंद्र उर्फ जीतू से खरीद कर आया था। पुलिस ने सोमवार को अवैध हथियार उपलब्ध कराने वाले आरोपी जितेंद्र उर्फ जीतू को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को अदालत में पेश करके पूछताछ के लिए एक दिन के रिमांड पर लिया है।


पुलिस गिरफ्त में आरोपी

### कोसली में नकली घी के साथ एक आरोपी गिरफ्तार

**कोसली।** कोसली पुलिस ने नकली देशी घी का धंधा करने वाले एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। शिव कॉलोनी में रहने वाले गुजरात के कुछ लोग केमिकल मिलाकर घी तैयार कर इसे देशी घी के रूप में बेचते थे। अवैध गतिविधि की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को एसबीआई बैंक के समीप 16 किलोग्राम नकली घी के साथ काबू कर लिया। रेवाड़ी से एफडीए से डा राजेश वर्मा मौके पर पहुंचे तथा पकड़े गए घी की जांच की, जिसमें पाया गया कि घी पूरी तरह से नकली और स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। एफडीए अधिकारी डॉ राजेश ने बताया कि नमूना लैब में भेज दिया गया है। थाना प्रभारी कश्मीर सिंह ने बताया कि पुलिस को पहले से ही इस गिरोह की तलाश थी। मंगलवार को सूचना मिलने पर पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मूलरूप से गुजरात निवासी आरोपी रामबिलास को हिरासत में ले लिया है। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है, जिससे इस धंधे से जुड़े अन्य लोगों की धर पकड़ की जाए।


रेवाड़ी। नकली घी की जांच करते हुए एफडीए अधिकारी। फोटो :हरिभूमि


रेवाड़ी। नाईवाली चौक पर वाहनों के चालान करते हुए डीएसपी। फोटो :हरिभूमि

### नियमों की पालना कराने डीएसपी सड़क पर नाईवाली चौक पर काटे वाहनों के चालान

**रेवाड़ी।** ट्रैफिक नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के लिए मंगलवार सुबह खुद डीएसपी ट्रैफिक दलीप शंकर ने मोर्चा संभाला। डीएसपी ने वाहनों की जांच के दौरान चौक पर दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान किए। सुबह ही डीएसपी ट्रैफिक दलीप शंकर नाईवाली चौक पर स्टाफ सहित पहुंचे। उन्होंने वाहनों के कागजों की जांच शुरू की। बड़ी संख्या में ऐसे वाहन चालक फंसे जिनके कागजात पूरे नहीं थे। इन वाहनों के चालान काटे गए। नाईवाली चौक पर दुपहिया वाहन चालक इधर-उधर से बचकर निकलते हुए नजर आए। दोपहर तक पुलिस ने दो दर्जन से अधिक वाहनों के चालान करते हुए जुर्माना वसूला। जिन वाहन चालकों के कागज पूरे नहीं थे, वह दूसरे रास्तों से पुलिस से बचकर निकल गए। डीएसपी ने बताया कि ट्रैफिक नियमों की उल्लंघना किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों की पालना नहीं होने से ही सड़क हादसों की आशंका बढ़ती है, इसलिए आमजन को ट्रैफिक नियमों की पालना करते हुए पुलिस का सहयोग करना चाहिए।